53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र   पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79)   डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24   Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 26.0 °c  अधिकतम 36.0 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606   संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा   रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 5:20, सूर्यास्त - 7:22   वर्ष : 53/ अंक : 171   रविवार, 22 जून 2025   आषाढ़, कृष्ण पक्ष, एकादशी   सम्वत् 2082   मूल्य 3 रुपये   कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

दिमाग ठण्डा हो तो फैसले गलत नहीं होते और भाषा मीठी हो तो अपने दूर नहीं होते।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

राहुल गांधी जी!भारत में हर कोई परिवर्तन देख सकता है, सिवाय आपके : प्रदीप भंडारी

आंख है तो देखने का भी सलीका चाहिए......

# नियमित करेंगे योग तभी रहेंगे निरोग

## सिर्फ सोशल मीडिया पर तस्वीरें साझा करने से नहीं हो सकता कोई निरोग उसके लिए योग को नियमित दिनचर्या में ही लाना होगा

**मुजफ्फरनगर, 21 जून (बु.)।** 21 जून को पूरे देश ने अंतर्राष्ट्रीय योगा दिवस के रूप में मनाया। बहुत सी तस्वीरें, वीडियो सिर्फ एक ही दिन के लिए अपने अपने सोशल मीडिया, फेसबुक, इंस्टाग्राम आदि नेटवर्क पर जारी की गयी मगर सोशल मीडिया पर उक्त तस्वीरें वायरल करने से कोई निरोग नहीं हो सकता, इसका नियम सिर्फ एक ही है कि आपको नियमित योग करना ही होगा फिर चाहे आप 15 मिनट के लिए, आधे घंटे के लिए जैसी अपने शरीर की क्षमता हो, उसके अनुसार योग करेंगे, तभी आपके शरीर को कुछ लाभ हो पाएगा। और यह मानना प्रत्येक योगाचार्य का है कि वास्तव में योग करना तभी सार्थक है, जब आप उसे अन्य कार्यों की तरह नियमित दिनचर्या में शामिल करें और 21 जून को देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के







आह्वान पर देश की आधे से अधिक आबादी योग जरूर करती है मगर प्रधानमंत्री का उद्देश्य भी यही है कि इस माध्यम से आम आदमी को जागरूक कर उसे नियमित योग के लिए उत्साहित किया जाये। इसी क्रम में आज जनपद में नगर की अधिकांश आबादी विभिन्न संस्थाओं, स्कूलों, समाजसेवियों, योगाचार्यों के माध्यम से खुले मैदानों में व भवनों में योग करती दिखाई दी। अधिकांश लोगों ने यही संकल्प लिया कि योग को अपनी नियमित दिलचर्या का हिस्सा बनाया जाये। इसी क्रम में प्रशासन द्वारा जारी कार्यक्रम में डीएवी कॉलेज में प्रभारी मंत्री सोमेन्द्र तोमर ने योग कार्यक्रम में भाग लिया वहीं गांधी वाटिका में योगाचार्य रमेश साईं द्वारा योग कराया गया वहीं फैडरेशन भवन में तथा मूलचंद रिसोर्ट

शेष : पृष्ठ-4 पर





*राज्यमंत्री ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा डॉ. सोमेन्द्र तोमर ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री जी ने जो शुरूआत की, वह आज पूरे विश्व में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज की जो थीम है एक पृथ्वी पूरे स्वास्थ्य को लेकर ऐसी सोच किसी की हो सकती है, वह भारतीय संस्कृति की ही हो सकती है। योग हमारे लिए बहुत लाभकारी है। उन्होंने प्रधानमंत्री जी को धन्यवाद दिया कि आज हम विश्व गुरू बनने के लिए आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का हमेशा यह प्रयास रहा है कि विकास हो और विरासत हो और स्वस्थ भी हों। हम सभी लोग स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहकर योग अवश्य करें। उन्होंने कहा कि आज हम विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बने हैं और देश विकास के पथ पर तेजी के साथ आगे बढ़ रहे हैं, हम अच्छे मन से योग प्रतिदिन करें, जिससे हमारा शरीर हमेशा स्वस्थ रह सके।*

## कलह के चलते दो भाई गंगनहर में कूदे, एक की मौत

खतौली, 21 जून (बु.)। नगर की जैन नगर कॉलोनी में दो भाईयों ने घरेलू कलह के चलते गंगनहर में अचानक छलांग लगाने से नागरिकों में हड़कम्प मच गया। डूबते युवकों का शोरगुल सुनकर गंगनहर पर मौजूद कुछ साहसी गोताखोरों ने एक भाई को सकुशल बचा लिया, जबकि एक भाई गहरे पानी में डूब गया। मिली जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि नगर की जैन नगर कॉलोनी निवासी ब्रह्म सिंह के दो पुत्रों नवीन व प्रवीण की दोनों में किसी बात को लेकर कहासुनी हो गयी। विवाद से आक्रोशित दोनों भाईयों में



से नवीन ने घर से निकलकर गंगनहर में छलांग लगा दी। इसे देख नवीन को बचाने के लिए प्रवीण ने भी गंगनहर में छलांग लगा दी। तेज बहाव में बह रहे दोनों युवकों का शोरगुल सुनकर वहां मौजूद कुछ साहसी गोताखोरों ने गंगनहर में छलांग लगाकर प्रवीण को तो पानी से बाहर निकाल लिया, लेकिन नवीन गंगनहर के गहरे पानी में समा गया। सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा गोताखोरों की मदद से गंगनहर में नवीन की तलाश की गयी। समाचार लिखे जाने तक पुलिस का सर्चिंग अभियान जारी था। गंगनहर में डूबा नवीन किसी प्राइवेट स्कूल में शिक्षक के रूप में कार्यरत था।

## फांसी के फंदे पर लटका मिला युवक का शव

**मुजफ्फरनगर, 21 जून (बु.)।** शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला चमन कॉलोनी में एक युवक का शव मकान की तीसरी मंजिल पर फांसी के फंदे से लटका हुआ मिला। युवक के परिजनों का मानना है कि युवक की पत्नी द्वारा उसकी हत्या की गयी है। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

आपको बता दें कि भोपा थाने के गांव ककराला निवासी सलमान (28) पिछले लगभग पांच माह से शहर कोतवाली क्षेत्र की चमन कॉलोनी में पत्नी व चार साल के बेटे के साथ किराए पर रह रहा था। शुक्रवार रात में वह घर की तीसरी मंजिल पर सो रहा था, जबकि उसकी पत्नी बेटे के साथ दूसरी मंजिल पर सो रही थी।

मृतक की पत्नी के अनुसार देर रात जब उसकी आंख खुली तो उसने देखा कि उसके पति का शव फांसी के फंदे पर लटका हुआ था। पत्नी ने बताया पड़ोस के दो लोगों की मदद से शव को नीचे उतारा और उसे जिला अस्पताल ले गए, जहां जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सलमान के परिजन मौके पर पहुंचे तो उन्होंने पूरी बात को निराधार बताते हुए पत्नी पर हत्या का शक जता दिया। युवक के परिजनों के बयानों के आधार पर पुलिस ने मौत का कारण स्पष्ट करने के लिए शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है और पूछताछ के लिए पत्नी को हिरासत में ले लिया है। थाना प्रभारी उमेश रोरिया का कहना कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## बिजलीघर पर तैनात लाइनमैन का शव मिला

**मुजफ्फरनगर, 21 जून (बु.)।** तितावी थाना क्षेत्र के बुड़ीना कलां बिजली घर में संविदा पर तैनात लाइनमैन का शव पड़ा मिला। परिजनों व ग्रामीणों ने हत्या का आरोप लगाते हुए बघरा सीएचसी पर हंगामा किया। पुलिस ने लोगों को समझाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। गांव नंगला नूनाखेड़ा निवासी अनुज बुडीना कलां में स्थित बिजली घर पर संविदा पर लाइनमैन के रूप में कार्यरत था। बिजलीघर के एसएसओ संदीप कुमार ने बताया कि लाइनमैन सुबह साढ़े 9 बजे बिजलीघर पर आया था। उसके बाद वह अन्य कर्मचारियों के साथ गांव में स्मार्ट मीटर लगाने के लिए चला गया, वह दोपहर बाद वापस लौटकर आया और बिजली घर पर बने एक कमरे में ही लेट गया। जब वह काफी देर तक उसके कमरे से बाहर नहीं आया तो बिजलीघर पर तैनात अन्य कर्मचारियों ने जाकर देखा कि वह अचेत अवस्था में पड़ा हुआ था और उसके मुंह से झाग निकल रहे थे। आनन फानन में कर्मचारी एम्बुलेंस उसे लेकर बघरा सीएचसी पर पहुंचे, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसकी सूचना परिजनों को दी गयी तो परिवार व ग्रामीण सीएचसी पर पहुंच गए और हत्या का आरोप लगाकर हंगामा कर दिया। मौके पर सूचना मिलते ही तितावी पुलिस पहुंची और हंगामा कर रहे लोगों को शांत कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है।







## देश में कोरोना संक्रमित 19453 मरीज हुए स्वस्थ

**नयी दिल्ली, 20 जून (वार्ता)** देश में पिछले कुछ दिनों से कोरोना संक्रमण के सक्रिय मामलों में कमी दर्ज की गयी है और शनिवार को इस वायरस से उबरने वालों की कुल संख्या 19453 पहुंच गयी, जबकि कुल सक्रिय मामलों का आंकड़ा घटकर 5012 रह गया। पिछले 24 घंटों के दौरान कोरोना संक्रमण से राजस्थान के एक और मरीज की मौत होने के साथ देश में मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 121 हो गया। गौरतलब है कि 22 मई को देश में कोरोना के सिर्फ़ 257 मामले सक्रिय थे।




## शाहपुर क्षेत्र में रिश्ता टूटने पर युवक ने की आत्महत्या

**शाहपुर, 21 जून (बु.)।** थाना क्षेत्र के गांव कसेरवा निवासी एक युवक ने रिश्ता टूटने से आहत होकर विषैला पदार्थ



खाकर आत्महत्या कर ली । पुलिस ने बताया कि गांव कसेरवा निवासी करीब 24 वर्षीय रहीसू पुत्र शौकत का रिश्ता थाना क्षेत्र के ही एक गांव से तय हुआ था। रिश्ते के तय होने के बाद रहीसू का अपनी होने वाली ससुराल में आना-जाना लगा रहता था। पुलिस ने बताया कि इसके बाद किसी कारण से रिश्ता टूट गया, जिसके चलते युवक ने शुक्रवार को विषैले पदार्थ का सेवन कर लिया। गंभीर हालत में परिजनों ने उसे बेगराजपुर स्थित मुजफ्फरनगर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई । युवक की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया ।

## शाहपुर में सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत

**शाहपुर, 21 जून (बु.)।** थाना क्षेत्र के गांव निरमानी निवासी बाइक सवार एक व्यक्ति की अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से मौत हो गई। थाना क्षेत्र के गांव निरमानी निवासी करीब 42 वर्षीय सुधीर त्यागी शुक्रवार की देर रात बाइक पर सवार होकर घर वापस लौट रहा था। जब वह मुजफ्फरनगर रोड स्थित स्वाति हॉस्पिटल के पास पहुंचा तो अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई । सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।









# उद्यमियों ने किया प्रभारी मंत्री संग फेडरेशन भवन में योग

## - स्वस्थ रहने को योग को जीवन में अपनाने का लिया संकल्प

## जिले के प्रभारी मंत्री ने बुलेटिन संपादक संग किया दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ

**मुजफ्फरनगर, 21 जून (बु.)।** शनिवार को 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर नगर के मेरठ रोड स्थित फेडरेशन ऑफ मुजफ्फरनगर कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की ओर से आयोजित किए गए योग दिवस कार्यक्रम में उद्यमियों ने योग को अपने रोजमर्रा के जीवन में अपनाने का संकल्प दोहराया। अत्यंत ही सफल और प्रेरणादायक कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में जनपद के प्रभारी मंत्री डॉ. सोमेंद्र तोमर, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. सुधीर सैनी, जिला उद्योग उपायुक्त जास्मीन, पूर्व पालिका चेयरमैन अंजू अग्रवाल एवं दैनिक मुजफ्फरनगर बुलेटिन के संपादक अंकुर दुआ ने संयुक्त रूप से उपस्थित होकर कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन करते हुए किया। फेडरेशन ऑफ मुजफ्फरनगर कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की ओर से आयोजित किए गए योग दिवस कार्यक्रम का संचालन पतंजलि योगपीठ मुजफ्फरनगर चैप्टर के मुकुल दुआ एवं उनकी अनुभवी टीम द्वारा किया गया। इस दौरान फेडरेशन से जुड़े सभी उद्यमी सदस्यों ने मानव जीवन में तन-मन और आत्मा को जागृत करने वाले योग सत्र का आनंद लिया एवं स्वस्थ जीवन की दिशा में इसे अपने जीवन में अपनाने का भी संकल्प दोहराया। इसके साथ फेडरेशन ने संकल्प लिया कि आयोजन के माध्यम से स्वस्थ समाज एवं जागरूक नागरिकों के निर्माण की दिशा में भविष्य में भी निरंतर प्रयासरत रहेगा। इस दौरान मुख्य रूप ने अध्यक्ष नील कमल पुरी, महासचिव अभिषेक अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष अंकुर गर्ग, पंकज जैन, भाजपा नेता अभिषेक गुर्जर, अचिंत मित्तल, कार्तिक अग्रवाल, आशीष गर्ग, रोहन मित्तल, आशीष बंसल समेत अन्य उद्यमी, व्यापारी व भाजपा नेताओं के साथ अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

## उद्यमी भीम कंसल के आवास पर महिलाओं ने किया योगाभ्यास



**मुजफ्फरनगर, 21 जून (बु.)।** मीका बिहार नई मंडी में उद्यमी भीम कंसल के आवास पर 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर मौजूद महिलाओं ने स्वस्थ शरीर और विचारों के लिए योग की जरुरत जीवन में अपनाने का हर परिवार से आह्वान किया। अपनी व्यस्ततम व भागदौड़ की जिंदगी में कुछ समय अपने निजी शरीर के लिए भी दिए जाने की जरुरत पर जोर देते हुए महिलाओं ने इस दौरान योग की अलख जगाते हुए योग किया। इस दौरान योग दिवस के इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से अंजना कंसल, दीपा अग्रवाल, प्रभा अग्रवाल, सुमन बिंदल, मंजू, नीलम और रेखा आदि ने बताया कि वे वर्ष भर योग के माध्यम से स्वस्थ एवं निरोगी रहने के लिए योग को अपने जीवन में अपना कर पूरी तरह खुश और स्वस्थ हैं।

## दो अभियुक्त अवैध तमंचे व कारतूस के साथ गिरफ्तार

**खतौली, 21 जून (बु.)।** कोतवाली पुलिस ने दो अभियुक्तों को दो अवैध तमंचों व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार सीओ रामाशीष यादव व कोतवाली प्रभारी ब्रजेश शर्मा के नेतृत्व में उपनिरीक्षक तेजवीर सिंह, आकाश शर्मा, आरिफ अली व धीरेन्द्र सिंह, अजीत सिंह पुलिस टीम द्वारा नगर क्षेत्र स्थित चूना भट्टी के निकट से अभियुक्त समीर उर्फ फौजी पुत्र हनीफ उर्फ लाल्ला निवासी नई आबादी थाना खतौली व मोहित पुत्र किरण सिंह निवासी अद्वैत विहार खतौली को एक तमंचे व कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया।

## योग से संभव हो सकता है निरोगी जीवन: मीनाक्षी स्वरूप



**मुजफ्फरनगर, 21 जून (बु.)।** नगरपालिका परिषद प्रांगण में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर एक भव्य योग अभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस बीच चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने नगर पालिका सभासदों, अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ मिलकर योग एवं प्राणायाम किया। टाउनहाल मैदान में आयोजित कार्यक्रम में चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप के साथ सभी प्रतिभागियों ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन के लिए योगा फॉर वन अर्थ-वन हेल्थ का संदेश दिया। चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने कहा कि आज के परिवेश में योग से ही निरोगी जीवन संभव है और इसे हमें अपनी दिनचर्या में अनिवार्य रूप से शामिल करना चाहिए। इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य रूप से सभासद मनोज वर्मा, हनी पाल, रितु त्यागी, रविकांत शर्मा, योगेश मित्तल, अनुज कुमार, ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह, जेई जितेन्द्र सैनी, एसएफआई प्लाक्षा मैनवाल, वैशाली सोनी, लिपिक आकाशदीप, मैनपाल, राजीव वर्मा आदि मौजूद रहे। इसके बाद चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने विशिष्ट अतिथि के रूप में डीएवी इंटर कॉलेज ग्राउंड में प्रशासन द्वारा आयोजित सामूहिक योग दिवस कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में राज्य मंत्री डॉ. सोमेन्द्र तोमर, जिलाध्यक्ष डॉ. सुधीर सैनी, जिला पंचायत अध्यक्ष वीरपाल निर्वाल, नोडल अधिकारी योग अटल कुमार राय का सीडीओ ने स्वागत किया। इस दौरान संपन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम के बच्चों को अतिथियों ने पुरस्कृत किया। इसके साथ नगरपालिका कन्या इंटर कॉलेज की छात्राओं ने भी योग प्रदर्शन करते हुए कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने इन छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए योग को अपने दैनिक जीवन का उन्हें हिस्सा बनाने की अपील की।

## धर्म-जाति के भेद को मिटाकर योग करें-संजीव शंकर





**मुजफ्फरनगर, 21 जून (बुस.)।** शनिवार को होली चाइल्ड पब्लिक इण्टर कॉलेज, जड़ौदा के सभागार में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया, इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. एमके तनेजा, योगाचार्य पं. संजीव शंकर, अध्यक्ष, महामृत्युन्जय सेवा मिशन, पशु चिकित्सक डॉ. अरविन्द मलिक, बाल कल्याण समिति सदस्य डॉ. राजीव कुमार, प्रधानाचार्य प्रवेन्द्र दहिया, प्रबन्धक रीटा दहिया, आदित्य दहिया ने सर्वप्रथम दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इसके उपरान्त डॉ. एमके तनेजा ने अपने उद्बोधन में प्राणायाम के महत्व को समझाते हुए बताया कि प्राणायाम का मतलब है प्राणों का आयाम अर्थात शरीर और श्वासों का संतुलन बनाकर एक संतुलित जीवन जीना। साथ ही साथ डॉ. एम.के. तनेजा ने ओम के माध्यम से भ्रामरी प्राणायाम को करने का अभ्यास कराया। सर्वप्रथम प्रवेन्द्र दहिया ने सूक्ष्म व्यायाम के माध्यम से सूक्ष्म व्यायाम के माध्यम से वार्मअप कराया। योगाचार्य पं. संजीव शंकर ने अपने उद्बोधन में बताया कि यदि हम अपनी सूर्य अंगुली को कुछ देर के लिए मष्तक के मध्य भाग पर स्थिर करके रखते हैं, तो हम पूरा दिन आलस्य से बच सकते है। इसके अतिरिक्त उन्होंने अकाश मुद्रा, पृथ्वी मुद्रा, जल मुद्रा और वायु मुद्रा के महत्व के विषय में बताया। धर्म जाति के भेद को मिटाकर योग करें। इसके बाद पशु चिकित्सक डॉ. अरविन्द मलिक ने अपने उद्बोधन में पशुओं का मानव जीवन में महत्व बताया, तदुपरान्त विद्यालय के योगाचार्य सतकुमार ने वृक्षाशासन, ताड़ासन, वज्रासन, उष्ट्रासन, मकरासन आदि आसनों का अभ्यास कराया। डॉ. राजीव कुमार ने योग के लाभ बताते हुए कहा कि योग शरीर में लचीलापन और शक्ति बढ़ाता है, तनाव व चिन्ता कम करता है। अंत में अंतर्राष्ट्रीय संगीत दिवस के अवसर पर नवोदित कलाकार दिग्विजय ने गिटार के माध्यम से सुर-मधुर संगीत सुनाकर सभी को मंत्र-मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के समापन पर प्रधानाचार्य प्रवेन्द्र दहिया, रीटा दहिया एवं आदित्य दहिया ने अतिथियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।

## निर्माणधीन ओवरब्रिज से मजदूर गिरा

**मुजफ्फरनगर, 21 जून (बु.)।** नगर के टबीटा रेलवे फाटक पर निर्माणाधीन ओवरब्रिज पर कार्य कर रहा प्रदीप नाम का एक मजदूर अचानक नीचे गिर गया। गिरते ही निर्माण स्थल पर कार्यरत कर्मचारियों में हड़कम्प मच गया। बताया जाता है कि घायल मजदूर ओवरब्रिज के पिलर नम्बर चार पर काम कर रहा था। घायल को तत्काल मुजफ्फरनगर मेडिकल कॉलज बेगराजपुर भर्ती कराया गया जहां घायल का उपचार चल रहा है। वहीं दूसरी ओर नागरिकों का कहना है कि ओवरब्रिज निर्माण स्थल पर कोई सुरक्षा व्यवस्था नहीं की गयी है, जबकि निर्माणाधीन स्थल से अनेक गांव के लोगों का आना जाना रहता है। निर्माण स्थल क्षेत्र में कोई भी चेतावनी पट्टिका अथवा बैरिकेटिंग नहीं की गयी है। निर्माण स्थल पर सुरक्षा का अभाव बना हुआ है, जो भविष्य में मानव जीवन के लिए खतरा बन सकता है।

## गुडविल सोसायटी ने मनाया योग दिवस




**मुजफ्फरनगर, 21 जून (बुस.)।** गुडविल सोसायटी मुजफ्फरनगर ग्रेन चैंबर पब्लिक स्कूल जूनियर विंग मुजफ्फरनगर एवं अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन मुजफ्फरनगर के संयुक्त तत्वाधान में स्थानीय ग्रेन चैंबर पब्लिक स्कूल जूनियर विंग नई मंडी के परिसर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में योग दिवस आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता गुडविल सोसाइटी के अध्यक्ष सुरेंद्र अग्रवाल ने तथा व्यवस्था प्रबंधन विनोद संगल, विद्यालय के प्रबंधक ममता चौहान, व्यवस्था प्रमुख महेश गर्ग, कंचन गर्ग, नीरज, बालेश, संगीता, सीनियर विंग के प्रधानाचार्य आजाद वीर, निदेशक एमके गुप्ता द्वारा विशेष योगदान रहा। योग शिक्षक अर्चना, दीपा, प्रगति, योग स्टूडेंट रीत कौर, वान्या, पोपली, भूमि चावला, रियांश आदि को उपहार देकर सम्मानित किया गया। गुडविल सोसायटी के सचिव होती लाल शर्मा ने विद्यालय प्रबंधन समिति का धन्यवाद किया। कार्यक्रम में राजेंद्र साहनी कोषाध्यक्ष गुडविल सोसायटी रामकुमार तायल, सतीश मित्तल, मुनेश सिंगल, अमरकांत एडवोकेट, संदीप दास, मोहनलाल मित्तल, बी. एम.गुप्ता, अशोक कुमार बंसल, बृजमोहन, श्रीकृष्ण अग्रवाल, भंवर सिंह, प्रमोद बंसल, आचार्य सीताराम, लोकेश चंद्रा, गिरिराज महेश्वरी, नवीन सिंगल, अरुण खंडेवाल, पंकज बंसल, विनोद वर्मा, अचिन संगल, शिशुकांत एडवोकेट, डॉ. प्रवेश, कमल गोयल, आदि गणमान्य जन उपस्थित रहे।



## सुरेंद्रनगर में मनाया गया योग दिवस

**मुजफ्फरनगर, 21 जून (बुस.)।** भारतीय योग संस्थान, शाखा सुरेंद्रनगर के योग गुरु राजेश शर्मा द्वारा (ग्यारहवां) विश्व योग दिवस के अवसर पर सुरेंद्रनगर कॉलोनी के शिव मंदिर प्रांगण में 50 से भी ज्यादा योग साधकों को आयुष मंत्रालय की गाइडलाइन में योग, साधना, ध्यान कराया गया। अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में महेश बंसल ने उन्होंने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। योगाचार्य अनित सैनी द्वारा सभी कॉलोनीवासी महिलाओं व पुरुषों को विभिन्न आसन कराए गए। योगाचार्य शिखा जैन द्वारा हर आसन का लाभ बताया गया। वरिष्ठ नागरिक राजपाल सिंह कुशवाहा द्वारा योग का भौतिक एवम आध्यात्मिक लाभ पर प्रकाश डाला गया। कालोनी सचिव श्रीपाल सिंह पुंडीर समेत सुरेंद्रनगर कॉलोनी के समस्त गणमान्य निवासियों ने योग का भरपूर लाभ उठाया। कार्यक्रम के अंत में राजेश शर्मा द्वारा गीत गाया गया तथा प्रसाद जल पान में केले वितरित किए गए।

## गांधी कॉलोनी बारातघर में हुआ योग शिविर का आयोजन





**मुजफ्फरनगर, 21 जून (बुस)।** योग दिवस के अवसर पर गांधी कॉलोनी के बारातघर में योग दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान 72 वर्षीय रमेश साईं ने योग के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि, भागदौड़ भरी जिंदगी में सेहत को दुरुस्त रखना एक बड़ी चुनौती बन गया है। ऐसे में प्राचीन भारतीय पद्धति योग का महत्व और भी बढ़ जाता है। योगाचार्य रमेश साईं ने हाल ही में योग की अनिवार्यता पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि कैसे योग हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए अमृत समान है। "योग सिर्फ आसन करने का नाम नहीं है, बल्कि यह जीवन जीने की एक कला है। यह हमें खुद से जुड़ने और अपनी आंतरिक शक्ति को पहचानने में मदद करता है।" उन्होंने जोर देकर कहा कि आज की तेजी से बदलती जीवन शैली में हर व्यक्ति के लिए योग बेहद जरूरी हो गया है। योगाचार्य अनुज शर्मा ने बताया कि योग से शरीर में लचीलापन आता है, मांसपेशियां मजबूत होती हैं और रक्त संचार बेहतर होता है। यह कई बीमारियों जैसे मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग और पाचन संबंधी समस्याओं को नियंत्रित करने में सहायक है। मानसिक स्वास्थ्य के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, "योग तनाव, चिंता और अवसाद को कम करने में अत्यधिक प्रभावी है। प्राणायाम और ध्यान से मन शांत होता है, एकाग्रता बढ़ती है और नींद की गुणवत्ता में सुधार होता है।" उनके मुताबिक, नियमित योगाभ्यास से व्यक्ति अधिक सकारात्मक और ऊर्जावान महसूस करता है। योगचारिणी इति शर्मा ने इस बात पर भी जोर दिया कि योग किसी उम्र विशेष के लिए नहीं है। बच्चे, युवा, वयस्क और बुजुर्ग, सभी अपनी क्षमतानुसार योग का अभ्यास कर सकते हैं। उन्होंने सलाह दी कि योग की शुरूआत किसी योग्य प्रशिक्षक की देखरेख में ही करनी चाहिए ताकि सही तकनीक का पालन किया जा सके और चोट से बचा जा सके। उन्होंने अंत में कहा, "योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना केवल शरीर को स्वस्थ रखना नहीं है, बल्कि यह एक स्वस्थ और सुखी जीवन की कुंजी है।"

## स्वच्छ भारत अभियान भाजपा और भाजपा केशव मण्डल ने मनाया योग दिवस



**मुजफ्फरनगर, 21 जून (बुस.)।** विश्व योग दिवस के अवसर पर आज मुजफ्फरनगर में स्वच्छ भारत अभियान भाजपा और भाजपा केशव मण्डल द्वारा आयोजित भव्य योग कार्यक्रम 125 संख्या रामपुरी के आर.के शिक्षा निकेतन स्कूल में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में पूर्व चेयरमैन डॉ. सुभाष शर्मा, स्वच्छ भारत अभियान भाजपा के प्रदेश सहसंयोजक श्रीमोहन तायल, मंडल प्रभारी भाजपा नेता अमिता चौधरी ने संबोधित कर योग दिवस के विषय में प्रकाश डाला। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य भूमिका मण्डल अध्यक्ष नंदकिशोर पाल, वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज लेमन, अमन तोमर, सभासद रजत धीमान की रही। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. सुभाष चंद्र शर्मा,स्वच्छ भारत अभियान भाजपा उत्तर प्रदेश के प्रदेश सहसंयोजक श्रीमोहन तायल, मंडल अध्यक्ष नंदकिशोर पाल मंडल प्रभारी अमिता चौधरी, जिला उपाध्यक्ष रोहताश पाल, जिला मंत्री सुनील दर्शन, जिला संयोजक स्वच्छ भारत अभियान बृजेश दीक्षित,जिलाध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा अजय सागर, भाजपा नेता मनोज लेमन, अशोक धीमान, नरेन्द्र चौधरी, शिवकुमार धीमान, सभासद रजत धीमान, सभासद हनी पाल, सभासद रविकांत काका, किसान मोर्चा मण्डल अध्यक्ष ठाकुर चमन सिंह चौहान, कमल कान्त शर्मा, मनोज शर्मा पीआरडी, अंजू शर्मा, अंजना शर्मा, संजय गांधी, अमन तोमर, संदीप शर्मा, सागर बाल्मीकि, कपिल त्यागी, राजकुमार तोमर, सचिन त्यागी पावटी, योगाचार्य हेमन्त आदि उपस्थित रहे।




## डॉ. शिवराज सिंह इंटर कॉलेज में योग दिवस पर हुआ संगोष्ठी का आयोजन

**मुजफ्फरनगर, 21 जून (बुस.)।** डॉ. शिवराज सिंह इंटर कॉलेज रामपुरी में भारतीय योग संस्थान द्वारा योगासन व योग से हमारे जीवन में लाभ विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप जलाकर प्रबंधक डॉ. विपिन कुमार सिंह, पूर्व प्रधानाचार्य रवि दत्त धीमान, जिला अध्यक्ष सुभाषचंद्र गुप्ता, प्रेम सिंह राणा व गजेंद्र सिंह राणा ने संयुक्त रूप से किया। संगोष्ठी में डॉक्टर विपिन कुमार सिंह ने बोलते हुए कहा कि अगर हमें बीमारियों से बचाना है और अपने स्वस्थ्य जीवन को बनाए रखना है तो हमें दैनिक जीवन में योगासन वह उसकी विचारधारा से जुड़ना ही चाहिए। पूर्व प्रधानाचार्य एवं योगाचार्य रविदत्त धीमान ने बताया कि योग हमारी दिनचर्या का एक हिस्सा होना चाहिए। प्रवीण कुमार पुंडीर ने बताया कि जिस प्रकार आधुनिक युग में मोबाइल चार्ज करने के लिए चार्जर की जरूरत है उसी प्रकार हमें स्वस्थ रहने के लिए योग एवं उसकी विधाओं से प्रतिदिन जुड़ना ही पड़ेगा। इस अवसर पर ज्ञानचंद, जियालाल, विनय, सत्य प्रकाश, मुकुट राज, जगदीश पांचाल, सभासद रजत धीमान, प्रदीप मास्टर, मनोज मास्टर,राज सिंह पुंडीर, मोनिका, सरिता, रीना व लगभग 300 से अधिक योग से जुड़े हुए साधकों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम को संपन्न कराने में डॉ. शिवराज सिंह इंटर कॉलेज एवं एमबीडीआर पब्लिक स्कूल रामपुरी के स्टाफ का पूर्ण सहयोग रहा।

## छेड़छाड़ व जानलेवा हमले के आरोपी किसान संगठन के नेता को गिरफ़्तार किया

**मीरापुर, 21 जून (बु.)।** मीरापुर पुलिस ने छेड़छाड़ व जानलेवा हमले में फरार चल रहे किसान संगठन के नेता को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसका चालान कर दिया। करीब दस दिन पूर्व कुतुबपुर निवासी एक दलित विधवा महिला ने कुतुबपुर निवासी एक किसान संगठन से जुड़े एक नेता नाजिम पुत्र जब्बार समेत चार युवकों पर अपनी पुत्री से छेड़छाड़ करने व अपहरण का प्रयास करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था, वही गांव के ही एक अन्य व्यक्ति ने भी किसान संगठन के चर्चित नेता नाजिम पर जानलेवा हमले का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस उक्त मामले में कई आरोपियों को गिरफ़्तार कर चुकी थी, किन्तु मुख्य आरोपी नाजिम तभी से फरार चल रहा था। शुक्रवार को पुलिस ने किसान संगठन के चर्चित नेता नाजिम को कुतुबपुर तिराहे से गिरफ्तार कर उसका चालान कर दिया। न्यायालय ने नाजिम को जेल भेज दिया।

## योगा फॉर वन अर्थ वन हेल्थ




**बिजनौर, 21 जून (बुस.)।** 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के शुभ अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में, मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने अपने प्रभार वाले जनपद बिजनौर में आयोजित भव्य योग शिविर में सहभागिता कर योगाभ्यास किया। इस अवसर पर विधायक सूची चौधरी, भाजपा नगर अध्यक्ष अंकुर गौतम, पूर्व जिलाध्यक्ष सुभाष बाल्मीकि, वरिष्ठ भाजपा नेता ऐश्वर्य मौसम चौधरी, नोडल अधिकारी इंद्र विक्रम सिंह, डीएम जसजीत कौर, एसएसपी अभिषेक सिंह, योगाचार्य प्रशांत व बड़ी संख्या में उपस्थित जनमानस, युवाओं, बच्चों, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों और विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने योग में भाग लेकर यह संदेश दिया कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि भारत की प्राचीन सांस्कृतिक विरासत है, जो हमें शारीरिक, मानसिक और आत्मिक संतुलन प्रदान करता है। मंत्री कपिल देव ने सभी से अपील करते हुए कहा कि वे योग को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाएं और स्वस्थ भारत, समर्थ भारत की संकल्पना को साकार करें।

## सर्राफा बाजार

**मुजफ्फरनगर, 21 जून, (बु.)।**
मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहेः-

| | | | |
|---|---|---|---|
| सोना- | 98900 | चांदी- | 106100 |
| सिक्का- | 1130 | गिन्नी- | 73670 |



संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com




## 'एसडी पब्लिक स्कूल के प्रांगण में मनाया गया अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस'

**मुजफ्फरनगर, 21 जून (बुस.)।** एसडी पब्लिक स्कूल परिवार द्वारा योग दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दिवस पर प्रशिक्षित अध्यापकों के निर्देशानुसार एसडी पब्लिक परिवार ने एक साथ बैठकर गोमुखासन, वज्रासन, भद्रासन, ताड़ासन आदि आसनों का अभ्यास किया। इस अवसर पर स्कूल की डायरेक्टर चंचल सक्सैना एवं विद्यालय प्रधानाचार्या भारती तिवारी ने बताया कि यदि हम नियमित रूप से योग करते हैं तो हमारे जीवन में सकारात्मक ऊर्जा उत्पन्न होती है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में उपप्रधानाचार्य शिव कुमार शर्मा, जूनियर विंग इंचार्ज डॉ. रचना जैन, इंचार्ज शशिकांत शर्मा, गीता मित्तल एवं सभी पीटीआई अध्यापक/अध्यापिकाओं का विशेष योगदान रहा।

## चिल्ड्रन एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में एक प्रेरणादायक योग कार्यक्रम का आयोजन




**मुजफ्फरनगर, 21 जून (बुस.)।** शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर चिल्ड्रन एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में एक प्रेरणादायक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दिन को मनाने के लिए बच्चों ने ना केवल विद्यालय परिसर में योगाभ्यास किया, बल्कि घर पर भी विभिन्न योग आसनों के वीडियो और फोटो ऑनलाइन माध्यम से साझा किए, जिससे डिजिटल रूप में भी स्वास्थ्य और योग का संदेश प्रसारित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सूर्य नमस्कार और ओम के साथ हुआ, जिसके पश्चात प्रधानाचार्य अमर पांचाल ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा "योग हमारे जीवन का अभिन्न अंग बन चुका है। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने वृक्षासन, ताड़ासन, त्रिकोणासन, प्राणायाम एवं ध्यान जैसी मुद्राओं में अपने योगाभ्यास के वीडियो बनाकर विद्यालय के आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा किए। इस आयोजन ने विद्यालय के सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को न केवल मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य की ओर प्रेरित किया, बल्कि डिजिटल युग में योग को एक नई दिशा भी दी।

## दून वैली में आयोजित हुआ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस



**मुजफ्फरनगर, 21 जून (बुस.)।** दून वैली प्रांगण में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय की अध्यापिकाओं ने भाग लिया। योग मानव जीवन में अहम योगदान रखता है। योग से मन और शरीर दोनों को स्वास्थ रखा जा सकता है। स्कूल प्रबंधक अनुराग सिंघल ने सभी को योग दिवस की शुभकामनाएं दी। स्कूल ब्रांच हेडस ने उपस्थित सभी अध्यापिकाओं को योग दिवस की बधाई दी। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को योग को अपने जीवन का महत्व पूर्ण हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया।

